बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

पू.उ.प्र.अं./42/एसएलबीसी/जून 2016/ 328 30.08.2016

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति(उ0 प्र0) के समस्त सदस्यों को पत्र

महोदय,

विषय :- राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ. प्र.) की मार्च 2016 हेतु समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

कृपया राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ. प्र.) की त्रैमासान्त मार्च 2016 को समाप्त तिमाही हेतु आयोजित बैठक दिनांक 10.06.2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस क्रम में उपरोक्त बैठक का कार्यवृत्त आपकी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित है।

आपसे अनुरोध है कि कृपया विभिन्न कार्य बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अद्यतन प्रगति हमें प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि तदनुसार आगामी बैठक में इसका समावेश किया जा सके।

भवदीय,

(राजीव श्रीवास्तव)
सहायक महाप्रबन्धक
राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.)

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.), अंचल कार्यालय, पूर्वी उ.प्र. अंचल, "बड़ौदा हाउस", वी-23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ -226010
State Level Bankers' Committee (U.P.), Zonal Office, Eastern U.P. Zone, "Baroda House", V-23, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010
फोन/Phone:6677607 (GM), 6677609(Sectt.), 6677722(AGM), 6677721, 6677725 (Deptt.) फैक्स/Fax:0522-6677726, 6677732
ई-मेल/E-mail:slbc.up@bankofbaroda.co.in वेबसाइट/Website : www.slbcup.com

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ. प्र.) की मार्च 2016 तिमाही की दिनांक 10.06.2016 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ. प्र.) की मार्च 2016 त्रैमास की समीक्षा बैठक दिनांक 10.06.2016 को "महाराजा सयाजीराव गायकवाड सभागार", बड़ौदा हाउस, गोमती नगर, लखनऊ में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता श्री पी. एस. जयकुमार, प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, मुम्बई द्वारा की गयी।

बैठक में श्री प्रवीर कुमार, आई.ए.एस., कृषि उत्पादन आयुक्त, उ.प्र. शासन; श्री शिव सिंह यादव, महानिदेशक, संस्थागत वित्त, बीमा एवं बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय; श्री अजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक; श्री अखिलेश कुमार, आई.ए.एस., विशेष सचिव, लघु उद्योग एवं प्रोत्साहन, उ.प्र. शासन; श्री गौतम सेन गुप्ता, मुख्य महाप्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक एवं श्री ए. के. पाण्डा, मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड की उपस्थिति प्रमुख रही। विभिन्न बैंको/वित्तीय संस्थाओ के वरिष्ठ कार्यपालकों तथा राज्य व केन्द्र सरकार के उच्चाधिकारियों ने भी इस बैठक मे सहभागिता की। बैठक मे भाग लेने वाले सहभागियों की सूची संलग्न है।

बैठक के प्रारम्भ मे श्री प्रभात अग्रवाल, महाप्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला :

- शाखा विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में गत वित्तीय वर्ष के दौरान कुल तय लक्ष्य -532- के सापेक्ष -673- नयी बैंक शाखाओं की स्थापना की गयी है जो महानिदेशक, संस्थागत वित्त, बीमा एवं बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ.प्र. की प्रेरणा व प्रयासो से सम्भव हो सका है। साथ ही साथ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार -5000- व अधिक आबादी वाले कुल चयनित -571- गाँवों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको सहित अन्य अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको की ब्रिक एवं मोर्टार शाखाएँ मार्च 2017 तक खोलने का रोडमैप भी क्रियांवयन हेतु तैयार कर लिया गया है। निश्चय ही यह शाखा विस्तार कार्यक्रम प्रदेश के सामाजिक- आर्थिक वृद्धि एवं विकास की प्रक्रिया में मील का पत्थर साबित होगा।

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जागरूकता के उद्देश्य से माह मार्च 2016 में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विशेष कैम्प्स का आयोजन किया गया था। इन कैम्प्स की सफलता तथा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निर्देशो के क्रम में पुनः, प्रदेश के सभी जनपदों में माह जून 2016 के दौरान इन कैम्प्स का आयोजन प्रारम्भ किया गया है जिसमें स्थानीय माननीय सांसद महोदय व अन्य सभी स्टेक होल्डर्स की उपस्थिति का दायित्व निर्वाहन, सम्बन्धित जनपद के अग्रणी जिला प्रबन्धक द्वारा किया जा रहा है। निश्चय ही PMMY की सफलता हेतु बैंको द्वारा किये जा रहे यह प्रयास चालू वित्तीय वर्ष हेतु तैयार वार्षिक लक्ष्य रू. 10313.70 करोड़ की शत प्रतिशत उपलब्धि में सहायक सिद्ध होंगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

- इसी कड़ी में दिनांक 05.04.2016 को Stand Up India Programme की विधिवत शुरूआत माननीय प्रधानमंत्री द्वारा हमारे प्रदेश के जनपद गौतम बुद्ध नगर (नोयडा) से की गयी। इस योजना के सफल क्रियांवयन के उद्देश्य से सिडबी; नाबार्ड तथा एस.एल.बी.सी. (उ.प्र.) द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। अन्य योजनाओं की भाँति इस योजना के सफल क्रियांवयन हेतु मैं सभी बैंकर्स का आह्वान व सहयोग का अनुरोध करता हूँ।

- माह मार्च 2016 एवं अप्रैल 2016 के दौरान प्रदेश के सभी अग्रणी जिला प्रबन्धकों एवं वित्तीय साक्षरता केन्द्र प्रभारियों हेतु एस.एल.बी.सी. द्वारा लखनऊ में एक एक दिन की दो कार्यशाला आयोजित की गयीं जिसमें भारत सरकार द्वारा निर्देशित वित्तीय साक्षरता के लिए किए जा रहे प्रयासों, बैंक मित्रों का सैंसिटाइजेशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना व अन्य योजनाओं से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर सघन जानकारी उपलब्ध कराई गयी जिसको विभिन्न स्तरों पर काफी सराहना मिली।

- वितीय वर्ष 2016-17 हेतु विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओं के लक्ष्य सम्बधित नोडल एजेंसीज से हमें प्राप्त हुए है जिन्हें बैंको/ अग्रणी जनपदो को आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। सभी बैंकर्स से अपील है कि इनके आधार पर वे अपने प्रदेश स्तरीय लक्ष्यों को तैयार कर अपनी सम्बन्धित शाखाओं को प्रेषित कर दें क्योंकि आवश्यकतानुसार संस्थागत वित महानिदेशालय; भारतीय रिजर्व बैंक; नाबार्ड; एस.एल.बी.सी. एवं सम्बन्धित नोडल विभाग को लक्ष्यों से अवगत कराना पडता है। इसी क्रम मे संस्थागत वित महानिदेशालय द्वारा तैयार की गयी "प्रोत्साहन नीति" की विवरणी प्रेषित करने पर जोर दिया।

- आवासीय क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न बैंक शाखाओं को तुरंत प्रभाव से बन्द करने का आदेश/ नोटिस लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) द्वारा दिया गया है। इन आदेशों की अवहेलना करने की दशा में अग्रिम कानूनी कार्यवाही किये जाने से भी अवगत कराया गया है। ऐसी स्थिति में बैंको द्वारा आवासीय क्षेत्रों में रह रहे समाज के विभिन्न वर्गों के ग्राहकों को बैंको द्वारा प्रदान की जा रही सेवा पर विराम लगने की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। एस.एल.बी.सी. (उ.प्र.) द्वारा इस स्थिति से शासन को अवगत कराते हुए हस्तक्षेप किये जाने का अनुरोध किया गया। सदन में उपस्थित महानिदेशक, संस्थागत वित एवं बीमा महानिदेशालय ने इस स्थिति पर शासन की तरफ से आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया।

अपने स्वागत सम्बोधन के अंत में उन्होंने सदन को अवगत कराया कि पिछले वर्ष की वार्षिक ऋण योजनांतर्गत उपलब्धि लगभग 90.34% रही। इसी क्रम में एस.एल.बी.सी. द्वारा आँकड़ो की महत्ता को बताते हुए उन्होंने सूचनाओं तथा विवरणियों का सही व ससमय प्रेषण सुनिश्चित करने हेतु सभी बैंकर्स का आह्वान किया। साथ ही सभी बैंकर्स व उपस्थित सम्बद्ध को अपने एक dedicated officer का चयन करने व एस.एल.बी.सी. को अवगत कराने की आवश्यकता बतायी जिससे सम्बन्धित अधिकारी से ही आंकड़ो की प्राप्ति समय से हो सके।

अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में श्री पी. एस. जयकुमार, प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा ने सभागार में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रदेश में प्राप्त विभिन्न उपलब्धियों व सफलता हेतु सभी हितधारकों के सहयोग की प्रशंसा की। प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलूओं पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। इसी क्रम में उन्होंने उल्लेख किया कि प्रदेश में आर्थिक विकास की दर पिछले वर्ष की तुलना में कम रही है जिसमें बढोत्तरी के लिए समग्र प्रयास करना आवश्यक है।

- राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) को अनेक पैरामीटर्स पर गत वर्ष सर्वश्रेष्ठ एस.एल.बी.सी. घोषित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सम्बन्धित को बधाई दी व आने वाले वर्षों में भी यही स्थिति बनाये रखने हेतु शुभकामनाएँ दीं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री जन धन योजना में खुले खातों में उन खातों को सक्रिय करने पर बल दिया जो अभी तक कार्यशील नहीं हो पायें हैं तथा जिनका प्रतिशत लगभग 25% है। इन खातों के सापेक्ष जारी रूपे डेबिट कार्ड को सक्रिय करना और उनका ससमय वितरण करने हेतु कार्य योजना बनाने पर उन्होंने बल दिया। इस सन्दर्भ में निम्न तीन बिन्दुओं को उन्होनें महत्वपूर्ण बताया –

    - सभी निष्क्रिय खातों को सक्रिय किया जाये और उनमें जारी रूपे डेबिट कार्ड को सक्रिय करते हुए उनका वितरण व नियमित संचालन किया जाये।
    - समस्त खुले खातों में आधार नम्बर की सीडिंग की जाये।
    - प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत प्रदत्त लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति हेतु हर सम्भव प्रयास किये जाये।

- इसी के साथ भविष्य में आर्थिक विकास हेतु वातावरण भी अनुकूल होने की सम्भावना है। बेहतर मानसून से कृषि उत्पादन में बढोत्तरी की सम्भावना बढ़ जायेगी। जिसका असर अभी से परिलक्षित होने लगा है। अत: इस वर्ष अग्रिमों में बढोत्तरी सम्भावित है। भविष्य में बैंकिंग क्षेत्र में नवोन्मेषी उत्पादों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी होने की सम्भावना है। भविष्य में मोबाइल बैंकिंग व ए.टी.एम. जैसे माध्यमों से प्रदेश में जमा- भुगतान की प्रक्रिया और सरल हो सकेगी।

अपने संक्षिप्त अध्यक्षीय सम्बोधन के अंत में श्री पी. एस. जयकुमार, प्रबन्ध निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने सदन में उपस्थित सभी सदस्यों का अभिवादन करते हुए प्रमुख मुद्दों के साथ साथ बैंकिंग में नयी तकनीक की महत्ता एवं उपयोगिता का उल्लेख किया एवं राज्य सरकार के सहयोग का अनुरोध किया।

श्री प्रवीर कुमार, आई.ए.एस., कृषि उत्पादन आयुक्त, उ. प्र. शासन ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश के विकास में बैंकर्स की अहम भूमिका रही है और एस.एल.बी.सी. (उ.प्र.) को देश में सर्वोच्च स्थान पाने पर बधाई दी एवं इसके लिए सभी स्टेक होल्डर्स एवं बैंकर्स के सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

- अपने उदबोधन में श्री प्रवीर कुमार ने प्रदेश में घटते ऋण जमा अनुपात पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी सम्बद्ध का आह्वान किया और इसे बढ़ाने हेतु प्राथमिकता पर कार्य योजना बना कर कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने पिछले वर्ष ए.सी.पी. की 90% उपलब्धि के सापेक्ष इस वर्ष CD Ratio में कमी का मुख्य कारण जमा में वृद्धि एवं अग्रिम में कमी को बताया। ऋण जमा अनुपात के राष्ट्रीय औसत 73% के सापेक्ष अपने प्रदेश का औसत 54% ही है जो अपेक्षाकृत कम है।
- प्रदेश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए यहाँ सेवा क्षेत्र एवं कृषि क्षेत्र में अत्याधिक ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए प्रशिक्षित श्रम शक्ति एवं योजनाबद्ध रूप में कार्य करने की योजना बनानी होगी। बैंकर्स को अग्रिम प्रदान करने हेतु बड़े- बड़े "एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट" व उच्च गुणवत्ता वाले अन्य उद्यम व उद्यान क्रियाकलापों (हार्टिकल्चर) आदि पर अपना ध्यान केन्द्रित करना होगा। कुछ ऐसे कृषक जो खेती करने मे सक्षम नहीं हैं वे अपनी कृषि योग्य भूमि बटाई पर या किराये पर देकर आर्थिक उत्थान की विभिन्न योजनाओं में भाग लें सकते हैं। उन्होंने प्रदेश को दुग्ध उत्पादन व सब्जी उत्पादन क्षेत्रों में प्रथम बताया।
- इसी क्रम में एग्री जंक्शन, कामधेनु, मिनी कामधेनु, कुक्कुट पालन आदि योजनाओं पर विशेष बल देकर, इस क्षेत्र में वितीय सहायता उपलब्ध कराने हेतु सभी बैंकर्स का आह्वान भी किया। उच्च श्रेणी के कृषि उत्पाद, बेहतर मानसून व अन्य अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए इस वर्ष प्रदेश के ऋण जमा अनुपात में भरपूर वृद्धि की सम्भावना परिलक्षित हो रही है।

अपने सम्बोधन के अंत में कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय ने पुनः सभी बैंकर्स से सहयोग की अपेक्षा की और किसानों को ऋण प्रदान करने के लिए सरल प्रक्रिया लागू करने की आवश्यकता बताई। कृषि क्षेत्र में परम्परागत खेती से अलग हट कर कुछ नया करने का आह्वान किया।

श्री शिव सिंह यादव, महानिदेशक, संस्थागत वित्त, बीमा एवं बाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ.प्र. शासन ने अपने सम्बोधन में प्रदेश में शाखा विस्तार कार्यक्रम पर अपने विचार व्यक्त किये। इसी सम्बध में उन्होंने सदन को अवगत कराया कि प्रदेश में कुल -3000- बैंक शाखा खोलने के लक्ष्य के सापेक्ष -4000- शाखाएँ खोली गयी। इसका उल्लेख माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के बजट भाषण मे भी किया गया। इस प्रयास हेतु उन्होंने एस.एल.बी.सी. को बधाई दी।

- उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा Recycling of Funds के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।
- उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के -50- बड़े बकायदारों (प्रत्येक जनपद) का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि बैंको द्वारा प्रेषित इस सूची के अनुरूप कार्यवाही की जा रही है। सरफेसी एक्ट के अंतर्गत बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि इस कार्य में वे बैंकर्स को पूरा सहयोग प्रदान करें।
- इसी क्रम मे बैंको में होने वाली डकैती व लूटपाट की घटनाओं तथा बैंक की योजनाओं के क्रियांवयन में आने वाली कठिनाइयों हेतु बैंकिंग व बीमा हेल्पलाइन न. 1520 का उन्होंने उल्लेख किया जिसे- "मुख्यमंत्री बैंकिंग व बीमा हेल्पलाइन" के नाम से प्रारम्भ किया गया है। इस नम्बर पर कोई भी अपनी शिकायत दर्ज करा

बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उ० प्र० ZONAL OFF. (UP ZONE) LKO.

सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गयी "प्रोत्साहन नीति" का उल्लेख करते हुए महानिदेशक महोदय ने सभी बैंको से इसके विभिन्न मानकों पर विशेष रूप से कार्य करने का आह्वान किया।

- श्री यादव ने प्रदेश सरकार द्वारा तैयार की गयी एक नयी योजना "समाजवादी युवा स्वरोजगार योजना" का उल्लेख किया और इस योजना की विशेषताओं से अवगत कराते हुए चालू वित्तीय वर्ष में इसके क्रियांवयन तथा कुल वार्षिक लक्ष्य 1940 (संख्या) की पूर्ति हेतु बैंकर्स के सहयोग की अपेक्षा की।

अपने सम्बोधन के अंत में उन्होंने सदन में उपस्थित सभी बैंकर्स का आह्वान किया कि वे प्रदेश व केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं पर दृढता व लगन से कार्य करें ताकि समाज के विभिन्न वर्गों को उनकी क्षमता के अनुरूप लाभ प्रदान किया जा सके।

श्री अजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ ने अपने सम्बोधन में विभिन्न बिन्दुओं पर निम्नानुसार प्रकाश डाला-

- प्रदेश में कृषि क्षेत्र में विकास हेतु समस्त बैंकर्स का योगदान आवश्यक है। इस क्षेत्र में समस्त वाणिज्यिक बैंको ने अभी तक संतोषजनक कार्य किया है जिसके लिए वे बधाई के पात्र है।
- वाणिज्यिक बैंको में कार्यरत कृषि स्नातकों से कृषि क्षेत्र में अधिकतम वित्त पोषण हेतु कार्य करने की प्राथमिकता बनायी जाये। क्योंकि यह एक लाभप्रद व्यवसाय है। उन्होंने बैंको द्वारा कृषि अग्रिम के निर्धारित लक्ष्यो के सापेक्ष 90% उपलब्धि हेतु बैंकर्स को बधाई दी।
- सरकार के एजेण्डे में बैंको की एन.पी.ए. की स्थिति प्रमुख रूप से शामिल है। बैंको के समग्र प्रयासों से इस स्थिति में सुधार परिलक्षित होने लगे है जिनको निरंतर जारी रखने की आवश्यकता है।
- सभी जनपदों में डी.सी.सी. व डी.एल.आर.सी. की बैठकों का आयोजन निर्धारित समय सारिणी के अनुसार किया जाना चाहिए।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैंको द्वारा विशेष शाखाओं पर कार्य किया जाये जिसकी समीक्षा भारतीय रिजर्व बैंक की विशेषाधिकार प्राप्त समिति द्वारा नियमित रूप में की जा रही है।

पहली बार अनेक बड़े बैंको की बैलेंस शीट में हानि की स्थिति दर्शायी गयी है जो चिंता का विषय है। परन्तु सभी बैंक इस स्थिति में सुधार हेतु प्रयत्नशील है। बैंको में अपेक्षानुसार ऋण स्वीकृति न हो सकने के अनेक कारण है। इस कारण प्रदेश में ऋण जमा अनुपात में वांछित वृद्धि सम्भव नहीं हो पा रही है। प्रदेश में ऋण जमा अनुपात की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्राय: यह देखा गया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तुलना में पूर्वी उत्तर प्रदेश में ऋण जमा अनुपात का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहता है जिसके अनेक कारण है। इस स्थिति से निकलने के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि आधारित योजनाओं पर कार्य करना होगा जिसमें पूर्वी उ.प्र. में ऋण जमा अनुपात में आवश्यक वृद्धि अवश्य होगी।

अपने सम्बोधन के अंत में उन्होंने सभी बैंकर्स से अनुरोध किया कि वे सूचनाओं का अपडेशन अपने अपने वेब साइट पर करें जिससे विभिन्न एजेंसीज सहित एस.एल.बी.सी. को आँकडे, सम्बन्धित पोर्टल से प्राप्त हो सके और इस कार्य में लगने वाले समय को घटाया जा सके।

उपस्थित गणमान्य अतिथियों के सम्बोधन के उपरांत पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा हेतु स्थिति प्रस्तुत की गयी -

कार्यसूची संख्या – 1

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की दिनांक 26.02.2016 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :

विगत बैठक दिनांक 26.02.2016 के कार्यबिन्दु एवं कार्यवृत्त जो सभी सदस्यों को दिनांक 20.05.2016 को प्रेषित किया गया था, की सदस्यों द्वारा पुष्टि की गयी।

कार्यसूची संख्या – 2

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की दिनांक 26.02.2016 को आयोजित बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट

1. **प्रदेश के सभी जनपदों में बैंको द्वारा आर – सेटी संस्थानो की स्थापना हेतु राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम 1 एकड़ भूमि का नि:शुल्क आवंटन :**

सदन को अवगत कराया गया कि पंजाब नेशनल बैंक के समन्वय में दिनांक 19.05.2016 को सम्पन्न राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की उप समिति की बैठक में इस विषयक विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं सदन को अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया।

सदन को यह भी अवगत कराया गया कि सुल्तानपुर जिले में भूमि आवंटन की प्रक्रिया पुन: नये सिरे से राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में देवरिया जनपद में आर- सेटी की स्थापना हेतु जनपद के अग्रणी बैंक – सेण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया से अनुरोध किया गया। महाप्रबन्धक, सेण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया ने अवगत कराया कि आर- सेटी की स्थापना हेतु जिलाधिकारी- देवरिया को पत्र लिखा गया है जिसकी प्रति एस.एल.बी.सी. को प्रेषित करने हेतु अनुरोध किया गया।

2. प्रदेश में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों हेतु स्टैम्प ड्यूटी में छूट का प्रावधान :

सदन को अवगत कराया गया कि संस्थागत वित महानिदेशालय, उ.प्र. से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विषय पर राजस्व विभाग को कतिपय बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण का अनुरोध प्रेषित कर दिया गया है। अंतरिम अवधि में मात्र रू.100/- के स्टैम्प पेपर पर एकल दस्तावेज के साथ ऋण प्रदान करने हेतु बैंक शाखाओं को निर्देशित किया जाये। इससे होने वाली राजस्व क्षति का वहन प्रदेश सरकार करेगी। इस बिन्दु पर चर्चा की गयी। नाबार्ड प्रतिनिधि ने प्रदेश के कुल 3.00 लाख स्वयं सहायता समूहों में से कुल 1.00 लाख समूहों को क्रेडिट लिंकेज सुविधा प्राप्त होने के बारे में सदन को अवगत कराया जिसका ₹ 100.00 प्रति समूह की दर से लगभग ₹ 1.00 करोड़ की प्राप्ति होती है। जिसके बारे में शासन से स्पष्टीकरण प्राप्त होना है।

इसी क्रम में इस बात पर भी चर्चा की गयी कि इण्डियन बैंक एसोसिएशन द्वारा समस्त कृषि ऋणों पर एक समान स्टैम्प ड्यूटी लेने के प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा उचित निर्देशों को निर्गत किये जाने पर विचार किया जाये।

3. एल.बी.एस. - एम.आई.एस. I, II, III एवं अन्य विवरणियों के माध्यम से सुसंगत ऑकड़ो का ससमय प्रेषण:

उल्लेखनीय हैं कि अग्रणी बैंक योजना के अंतर्गत – भारतीय रिजर्व बैंक ने दिशा निर्देश जारी किये है जो ऑकड़ो के निर्धारित प्रारूप पर ही प्रेषित करने से सम्बन्धित है। इस सम्बन्ध में इस विषय पर चर्चा हुई कि एस.एल.बी.सी. को प्रेषित ऑकड़े निर्धारित प्रारूप पर ससमय प्राप्त न हो सकने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक को समेकित ऑकड़ो का प्रेषण समय से नहीं हो पाता जिस पर क्षेत्रीय निदेशक महोदय ने चिंता व्यक्त की।

सदन में उपस्थित समस्त बैंको द्वारा सर्वसम्मत से यह निर्णय लिया गया कि एस.एल.बी.सी. को आँकड़ो का प्रेषण करने हेतु एक **Dedicated Nodal Officer** बैंको द्वारा नामित किया जायेगा जो इन सब कार्यों के लिए उत्तरदायी हो। उसका नाम एवं अन्य विवरण एस.एल.बी.सी. को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यसूची संख्या – 3
वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों का क्रियांवयन

क) प्रधानमंत्री जन –धन योजना (पी.एम.जे.डी.वाई.)

सदन को अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा लागू इस सर्वोच्च प्राथमिकता प्राप्त योजना की उच्च स्तरीय समीक्षा नियमित रूप से विभिन्न स्तरों पर की जा रही है। इसी क्रम में सदन को यह भी बताया गया कि "प्रधानमंत्री जन- धन योजना" के क्रियांवयन में प्रदेश को पूरे भारतवर्ष में, दस में से छ: मानदण्डों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश में योजनांतर्गत खुले समस्त पात्र खातों में रूपे कार्ड जारी करने की दिशा में बैंको द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है परन्तु अनेक मामलों में इन जारी कार्डस को उनके धारको तक नही पहुँचाया जा सका है। अत: रूपे कार्डस के प्रेषण के बारे में बैंकर्स को सुनियोजित ढंग से कार्य करना आवश्यक है। इसके साथ ही कार्ड धारक को रूपे कार्ड के एक्टिवेशन के बारे में जागरूक भी करना होगा जिससे -90- दिन के अन्दर वे अपने कार्ड को एक्टिवेट कर सके तभी इसका लाभ खाता धारक को मिल सकता है।

सदन में विषयक चर्चा के दौरान सभी सम्बद्ध को बताया गया कि इन काड्र्स के वितरण, पिन वितरण, एक्टिवेशन एवं रख रखाव से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर जागरूकता एवं आवश्यक निगरानी एवं सतर्कता का ध्यान रखा जायें जिसके हेतु भारत सरकार द्वारा कैम्प्स आयोजित किये जाने के निर्देश विद्यमान है और बैंको द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाये।

इसी क्रम में प्रदेश में कार्यरत बैंक मित्रों (**Business Correspondents**) की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा की गयी। सदन को बताया गया कि वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त निष्क्रिय बैंक मित्रों को एक्टिव किया जाये तथा जो बैंक मित्र कार्य नहीं कर रहे हैं उनके स्थान पर नये बी.सी. की नियुक्ति की जाये जिससे प्रदेश के दूरस्थ स्थानों पर भी बैंकिंग सुविधाये प्रदान की जा सके। आधार सीडिंग पर भी चर्चा की गयी तथा समस्त बी.सी. को "आधार योग्य भुगतान प्रणाली" (**AEPS**) उपकरण उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दे दिए गये है। गत मार्च 2016 से आधार कार्डस की सीडिंग हेतु एक्ट भी लागू कर दिया गया हैं जिसके आधार पर बैंक शाखाओं की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार सम्भव है।

ख) सुरक्षा योजनाओं के क्लेम्स का निस्तारण-

भारत सरकार द्वारा उदघोषित दोनों सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा "प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना" व "प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना" के अंतर्गत प्रदेश में बैंको द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया गया है। इन योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त क्लेम्स की स्थिति सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी तथा सभी लम्बित क्लेम्स का त्वरित निस्तारण बैंको द्वारा किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। इसी क्रम में सदन को अवगत कराया गया कि "अटल पेंशन योजना" में हमारे प्रदेश का पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान रहा है और भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में बैंको द्वारा इस हेतु किये गये प्रयासों की भरपूर प्रशंसा की गयी।

बैंको द्वारा योजनाबद्ध तरीके से सभी लाभार्थियों को अपनी अपनी पॉलिसी के नवीनीकरण हेतु प्रयास करने हेतु निर्देशित करने का निर्णय लिया गया, जिनकी मियाद 31 मई को समाप्त हो रही है।

इसी सन्दर्भ में मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड श्री ए. के. पण्डा ने उपस्थित बैंकर्स से अपील की कि अटल पेंशन योजना की सफलता हेतु विशेष मार्केटिंग टीम बना कर कार्य करें। प्रसंगवश, इस योजना के अंतर्गत को-ऑपरेटिव बैंक की उपलब्धि -शून्य- रही है जो चिंता का विषय है इसके लिए प्रयास करना होगा।

ग) -2000- से अधिक व -2000- से कम आबादी वाले गाँवों का बैंकिंग सुविधा हेतु आच्छादन-

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के क्रम में -2000- एवं उससे अधिक की आबादी वाले समस्त गाँव जहाँ बैंकिंग सुविधा उपलब्ध नही थी उन गाँवों के प्रदत्त लक्ष्य -16270- के सापेक्ष कुल -16388- गाँवो को बैंकिंग सुविधा से आच्छादित कर दिया गया।

इसी क्रम में -2000- से कम जनसंख्या वाले -76,855- गाँवों में भी बैंकिंग सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु समस्त बैंको द्वारा रोडमैप तैयार किया गया था एवं लगभग शत प्रतिशत पूर्ति भी अर्जित कर ली गयी है।

घ) स्कूल बैंक चैम्प्स कार्यक्रम -

सम्पूर्ण वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के अंतर्गत "भारतीय बैंक संघ" ने स्कूल बैंक चैम्प्स कार्यक्रम शुरू किया है जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूल विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय जागरूकता से अवगत कराना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक बैंक को कम से कम -1- स्कूल को गोद लेना है ताकि उस स्कूल के विद्यार्थियों को वित्तीय कार्यक्रमों से प्रशिक्षित किया जाये। इस कार्यक्रम की समेकित रिपोर्ट भी सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी जिसके अनुसार कुल -9195- स्कूलों को बैंक शाखाओं द्वारा अंगीकृत किया गया है तथा -4738- प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 2.63 लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

च) कौशल विकास केन्द्रों की वित्तीय साक्षरता केन्द्र से मैपिंग -

वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के आधार पर एस.एल.बी.सी. द्वारा कौशल विकास केन्द्रों को -75- वित्तीय साक्षरता केन्द्रों (जो अग्रणी जिलों में कार्यरत है) के साथ मैप कर कार्य योजना तैयार की गयी है। इन केन्द्रों पर वित्तीय साक्षरता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये है। इसी क्रम में समस्त -75- जनपदों के वित्तीय साक्षरता केन्द्रों के प्रबन्धकों की एक कार्यशाला एस.एल.बी.सी. द्वारा दिनांक 13.04.2016 को आयोजित की गयी जिसमें वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं पर वृहत चर्चा की गयी।

छ) जन- धन शिक्षा कार्यक्रम:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में बैंको द्वारा कुल -100- विद्यालयों को अंगीकृत कर वित्तीय साक्षरता से उन स्कूल के विद्यार्थियों को जागरूक करना है। अभी तक समस्त बैंको द्वारा प्रदेश में कुल -7814- स्कूलो को अंगीकृत किया गया है।

ज) वित्तीय समावेशन के अन्य मुद्दे:

वित्तीय समावेशन से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों की गहन समीक्षा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की जा रही है। मीटिंग्स, विडियो कांफ्रेंस आदि के माध्यम से होने वाली समीक्षा बैठकों में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी जिनमें प्रमुख निम्न बिन्दु उभर कर सामने आये है:

- सभी खाता धारको को रूपे कार्डस व पिन की उपलब्धता प्रदान करना और उन्हें सक्रिय करना,
- समस्त बीमा उत्पाद एवं पेंशन योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूकता पैदा किया जाना

❖ आधार सीडिंग के परिपेक्ष्य में बैंको द्वारा त्वरित कार्यवाही करना एवं शत प्रतिशत सीडिंग हासिल किया जाना

इसी क्रम में मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड ने सदन को अवगत कराया कि भारत सरकार द्वारा यह अपेक्षित है कि माह जुलाई 2016 से समस्त डी.बी.टी. लाभ केवल उन्हीं बैंक खातों में मिलेगा जिनमें आधार सीडिंग हो चुकी हो। उत्तर प्रदेश में आधार सीडिंग का प्रतिशत अभी भी 34%- 35% तक ही है जिसे बढ़ाने के लिए अथक प्रयासों की आवश्यकता है।

श्री गौतम सेन गुप्ता, मुख्य महाप्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आधार सीडिंग की महत्ता बतायी और बैंको को इस हेतु कैम्प लगा कर आधार का नामांकन कराने पर जोर दिया। उन्होंने अवगत कराया कि भारत सरकार द्वारा जारी व्यापक निर्देशों के क्रम में राज्य सरकार द्वारा भी प्रदेश की सभी लगभग 60 हजार ग्राम पंचायतों में आधार सीडिंग के कैम्पस दिनांक 20.05.2016 से 30.06.2016 तक किये जाने के निर्देश जारी किये है जो एस.एल.बी.सी. के पत्रांक पू.उ.प्र.अं./42/एस.एल.बी.सी./एफ.आई./201 दिनांक 20.05.2016 द्वारा सभी सम्बन्धित को सॉफ्ट कॉपी के माध्यम से प्रेषित किये गये है। तदनुसार इस महत्वपूर्ण कार्य में बैंको को कार्य किया जाना उचित होगा ताकि निर्धारित समय सारिणी के अन्दर अच्छे परिणाम हासिल किये जा सके।

श्री प्रभात अग्रवाल, महाप्रबन्धक एवं संयोजक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने आधार सीडिंग हेतु बैंक शाखाओं में बैनर्स आदि का प्रदर्शन करने की आवश्यकता बताई। इन बैनर्स में एक विशेष तारीख व स्थान का उल्लेख होना चाहिए जिस दिन आधार सीडिंग हेतु कैम्प का आयोजन किया जाये। सभी बैंक अपनी अपनी वेबसाइट पर भी आधार सीडिंग हेतु नोटिफिकेशन जारी करने की व्यवस्था करें।

कार्यसूची संख्या – 4
(हथकरघा क्षेत्र के अंतर्गत बुनकर क्रेडिट कार्ड योजना का क्रियांवयन)

इस योजना का मुख्य उद्देश्य बुनकरों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप वित्तीय सहायता पहुँचाना है जो कार्यशील पूँजी और टर्म लोन के रूप में होती है। यह योजना समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समान रूप से लागू है। सदन में फोटो युक्त बुनकर क्रेडिट कार्ड जारी करने एवं इसकी विशेषताओं पर चर्चा की गयी। इस कार्ड पर स्वीकृत धनराशि अंकित रहती है और व्यक्तिगत बुनकर को अधिकतम रू 2.00 लाख तक का ऋण दिया जा सकता है। इस योजना के अंतर्गत वित्त पोषित खाते CGTMSE के अंतर्गत आच्छादित होते है। सदन में इस योजना की धीमी प्रगति पर भी चर्चा हुई जो समीक्षा अवधि तक मात्र 30% है जिसे बढाने हेतु प्रयास करने के लिए आग्रह किया गया। वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सदन में उपस्थित सभी सदस्य बैंको से अनुरोध किया गया।

कार्यसूची संख्या – 5
(वार्षिक ऋण योजना 2015-16 की समीक्षा)

वार्षिक ऋण योजना 2015-16 के अंतर्गत मार्च' 2016 तक की बैंकवार/ सेक्टरवार प्रगति से सदन को अवगत कराया गया जिसके अनुसार वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही तक वार्षिक लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति का प्रतिशत 90.34% रहा है। विभिन्न सेक्टरवार प्रगति- कृषि -89.77%; लघु उद्यम- 119.44% एवं सेवा क्षेत्र- 63.76% की उपलब्धि हासिल की गयी है।

सदन को अवगत कराया गया कि वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत समीक्षा अवधि में समग्र रूप से ऋण वितरण का प्रतिशत विगत वर्ष के सापेक्ष 12.78% अधिक हुआ है।

कृषि क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों में भी वितरण का प्रतिशत समग्र रूप से विगत अवधि के प्रतिशत से बढ़ा हुआ है। इसी क्रम में एक बार पुनः समस्त अग्रणी जिलों से सम्बन्धित LBS MIS I, II & III का ससमय प्रेषण एस.एल.बी.सी.

को सुनिश्चित करने हेतु सभी सम्बन्धित से अनुरोध किया गया ताकि समेकित आंकड़ो का ससमय प्रेषण भारतीय रिजर्व बैंक, संस्थागत वित महानिदेशालय व अन्य एर्जेसीज को निर्धारित समयावधि पर किया जा सके।

सदन को यह भी अवगत कराया गया कि नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 हेतु पी.एल.पी. तैयार किया गया है जिसका आकार लगभग रू. 177917.03 करोड़ है। उसके आधार पर जनपदवार "वार्षिक ऋण योजना – 2016-17" तैयार की गयी है। सभी -75- जनपदों की समेकित वार्षिक ऋण योजना के आधार पर संकलित प्रदेश की वार्षिक ऋण योजना 2016-17 तैयार की गयी है, जिसका विमोचन आज यहाँ किया जा रहा है। इस योजना का आकार लगभग रू. 168382.26 करोड़ है। यह समेकित वार्षिक ऋण योजना नाबार्ड के पी.एल.पी. के सापेक्ष 94.64% है एवं गत वर्ष की वार्षिक ऋण योजना के सापेक्ष 23.48% की वृद्धि दर्शाता है।

<u>कार्यसूची संख्या – 6</u>

<u>(ऋण जमा अनुपात)</u>

सदन में प्रदेश के कम ऋण जमा अनुपात (CD Ratio) पर विस्तृत चर्चा हुई और इसे बढ़ाने हेतु योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर विचार किया गया। क्योंकि बैंको द्वारा प्रेषित आंकड़ो के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि मार्च 2015 के सापेक्ष मार्च 2016 में ऋण जमा अनुपात में 1.21% का ह्रास परिलक्षित हुआ है।

प्रदेश में ऋण जमा अनुपात की वृद्धि हेतु कृषि क्षेत्र में वित पोषण एवं बड़े उद्यमों को वित्त पोषण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की आवश्यकता बताई गयी। इसे एक चैलेंज के रूप में लेकर कार्य करने हेतु सबका आह्वान किया गया।

इसी क्रम में सदन में प्रदेश सरकार की एक और महत्वाकांक्षी योजना- "समाजवादी युवा स्वरोजगार योजना" की चर्चा की गयी जिसके लक्ष्य शासन से प्राप्त हुए है। इस नवीन योजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बैंको द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर प्रदेश में ऋण जमा अनुपात में उचित वृद्धि करने में सहयोग प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

यह अवगत कराया गया कि प्रदेश में ऋण जमा अनुपात की समीक्षा हेतु यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की संयोजकता में एक उपसमिति गठित की गयी है जो इस योजना की समीक्षा करती है और जिसकी समीक्षा बैठक निरंतर होती रहती है।

<u>कार्यसूची संख्या – 7</u>

<u>(पूर्वी भारत में हरित क्रांति लाने हेतु प्रदेश में कृषि ऋण प्रवाह की समीक्षा)</u>

सदन को अवगत कराया गया कि प्रदेश के -28- पूर्वी जनपदों, जहाँ इस योजना का क्रियांवयन किया जा रहा है, में नाबार्ड द्वारा प्रेषित सब प्लान के अंतर्गत हो रही कार्यवाही की यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा विस्तृत समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में नाबार्ड से अनुरोध किया गया कि चालू वित्तीय वर्ष हेतु चयनित जनपदों में सब प्लान लागू किये जाने हेतु सभी स्टेक् होल्डर्स कार्यवाही करें।

<u>कार्यसूची संख्या – 8</u>

<u>(किसान क्रेडिट कार्ड/ फसली ऋण/व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना/आर.के.बी.वाई.)</u>

सदन को अवगत कराया गया कि प्रदेश में कार्यरत सभी बैंको द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजनांतर्गत आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। योजनांतर्गत चालू वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही तक प्रदेश में कुल -5633413- किसानों को इस योजनांतर्गत आच्छादित किया गया है जिनमें कुल -3738607- किसानों के किसान कार्डस का नवीनीकरण किया गया है तथा कुल -1894806- नये कार्ड, किसानों को जारी किये गये है। सदन में

इस बात पर भी चर्चा की गयी कि प्रदेश के उन सभी किसानों को इस योजना से आच्छादित किया जाये जिन्होंने अभी तक इस योजना का लाभ नही लिया है ताकि पूरे प्रदेश को संतृप्त घोषित किया जा सके। साथ ही साथ समस्त किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत शामिल करना भी अनिवार्य है। इस कार्य को प्राथमिकता पर करने हेतु समस्त बैंको को निर्देश जारी किये जा चुके है।

निदेशक, कृषि साख्यिकी श्री वी. के. सिंह ने नयी "प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना" की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए सदन में उपस्थित समस्त बैंकर्स से आह्वान किया कि वे इस योजना का लाभ समस्त के.सी.सी. धारकों को पहुँचाये। इसी क्रम में सदन को यह भी बताया गया कि खरीफ 2016-17 के लिए निर्धारित फसलों की जनपदवार सूची कृषि निदेशालय, उ.प्र. द्वारा समस्त सम्बद्ध को एस.एल.बी.सी. के माध्यम से प्रेषित कर दी गयी है। निदेशक, कृषि सांख्यिकी ने सदन को यह भी अवगत कराया कि प्रदेश के कुल -75- जिलों के सापेक्ष -69- जिलों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। केवल -6- जिलों में इस कार्य की प्रक्रिया अभी पूरी नही हो पायी है। -69- जिलों में इस योजना का कार्य "एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इण्डिया" की देख रेख में हो रहा है जबकि बचे -6- जिलों में इस कार्य का सम्पादन "आई.सी.आई.सी.आई. लोम्बार्ड" कर रही है। जो सम्बद्ध जिलों के अग्रणी जिला प्रबन्धकों के माध्यम से बैंकवार संचालित की जा रही है। समस्त सम्बद्ध को निर्देशित किया गया कि फसल बीमा का यह कार्य 31.07.2016 तक अवश्य समाप्त कर लिया जाये।

वित्तीय वर्ष 2016-17 हेतु किसान क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत जनपदवार/ एजेंसीवार लक्ष्यों की सूची जो प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित की गयी है, उसे भी सभी सम्बन्धित को उपलब्ध करा दिया गया है।

सदन में इस बात की भी चर्चा की गयी कि बीमित किसानों को, उनके खाते से प्रीमियम धनराशि की कटौती का विवरण एस.एम.एस. के माध्यम से उनके खाते में दर्ज मोबाइल नम्बर पर प्रेषित किया जाना चाहिये जिसमें बीमित फसल व प्रीमियम धनराशि का विवरण उल्लिखित हो। इसी प्रकार बीमा कम्पनियों द्वारा क्लेम निस्तारण की एस.एम.एस. सूचना बीमित किसान को प्रेषित किये जाने पर भी विचार किया जाना चाहिये।

कार्यसूची संख्या – 9
(सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों हेतु ऋण प्रवाह)

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को बैंको द्वारा प्रदान किये जा रहे ऋणों की स्थिति पर सदन में चर्चा की गयी। इस सेक्टर के अंतर्गत ऋण वितरण की प्रगति की निरंतर समीक्षा भारतीय रिजर्व बैंक की बैठकों में की जा रही है। इस क्रम में भारत सरकार की "प्रधानमंत्री मुद्रा योजना" की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गयी तथा समस्त बैंको द्वारा इस योजना के अंतर्गत चालू वित्त वर्ष में आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सघन प्रयास किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। समीक्षा अवधि के दौरान सदन को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की प्रगति से अवगत कराया गया। समीक्षा अवधि के दौरान रू. 9431.69 करोड़ वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष कुल रू.7637.24 करोड़ (80.97%) धनराशि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु समस्त बैंको को निर्देश निर्गत है कि वे अपने जनपद के अग्रणी जिला प्रबन्धकों के माध्यम से समस्त शाखाओं में विशेष कैम्पस लगाने की व्यवस्था करें और इन कैम्पस में स्थानीय माननीय सांसद महोदय/ स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति हेतु विशेष प्रयास किये जाये।

सदन को अवगत कराया गया कि सिडबी की CGTMSE क्षेत्र में वित्त पोषण कवरेज हेतु मार्च 2016 तक उत्तर प्रदेश का पूरे देश में प्रथम स्थान रहा है।

बैंको को भारतीय रिजर्व बैंक की संशोधित दिशा निर्देशों के आधार पर रू. 1.00 करोड़ तक के अग्रिम पर कोई सम्पार्श्विक प्रतिभूति (collateral security) नही लेनी है।

बैंक ऑफ बड़ौदा BANK OF BARODA

आर्टिजन क्रेडिट कार्ड योजनांतर्गत रू. 2.00 लाख तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध है। इस योजनांतर्गत लाभार्थियों को समूह बीमा की सुविधा भी उपलब्ध है।

इसी क्रम में माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा शुभारम्भ किये गये "स्टैण्ड अप इण्डिया" कार्यक्रम की चर्चा की गयी जिसके अंतर्गत प्रत्येक बैंक शाखा को एक एस.सी./एस.टी. व एक महिला उद्यमी को वित्त पोषित करने का वार्षिक लक्ष्य तय किया गया है। अवगत कराया गया कि इस योजना के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जागरूकता के उद्देश्य से एस.एल.बी.सी., नाबार्ड व नोडल एजेंसी सिडबी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन व सघन प्रयास किये जा रहे हैं। इस योजना से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी standupmitra.in पर उपलब्ध है एवं जनपद स्तर पर अग्रणी जिला प्रबन्धक को योजना क्रियांवयन व अनुश्रवण हेतु विशेष जिम्मेदारी दी गयी है।

कार्यसूची संख्या – 10

